


**।। चैत्रीय नवरात्रि प्रारंभ ।।**

**सर्वमङ्गलमाङ्गल्ये शिवे सर्वार्थसाधिके ।**
**शरण्ये त्र्यम्ब गौरी नारायणि नमोऽस्तुते ॥**

9 अप्रैल को अर्थात आज से चैत्र शुक्ल प्रतिपदा यानी हिंदू नववर्ष विक्रम संवत 2081 का प्रारम्भ हो रहा है और आज ही अमृत सिद्धि योग, सर्वार्थ सिद्धि योग और शश राजयोग का संयोग बन रहा है। इस बार विक्रम संवत 2081 (Vikram Samvat 2081) के राजा मंगल होंगे और मंत्री शनि देव होंगे।

सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 267 | इंदौर, मंगलवार 09 अप्रैल, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

# विक्रम सम्वत् 2081 मंगलमय हो



जलप्रदाय एवं वर्षाकाल में की जाने वाली व्यवस्थाओ हेतु समीक्षा बैठक ...

# शेडयुल बनाकर फिल्ड में उतरें और लोगों की समस्याओं का निराकरण करें

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। नगर निगम आयुक्त ने अफसरों को साफ शब्दों में कह दिया है की अधिकारी अपने हिसाब से शेयडूल तैयार करें और फिल्ड में उतरकर कार्य करें तथा चेम्बर की सफाई करें ताकि आने वाले वर्षाकाल में जमजमाव की स्थिति पैदा न हो। सीएम हेल्प लाईन व 311 एप की शिकायतो को गंभीरता से ले।**

आयुक्त शिवम वर्मा द्वारा नगरीय क्षेत्र में ग्रीष्मकाल में जलप्रदाय की समीक्षा के साथ ही स्वच्छता एवं आगामी वषार्काल को दृष्टिगत रखते हुए, सीएम हेल्पलाईन की सीटी बस आफिस में झोनवार समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में समस्त अपर आयुक्त, जलप्रदाय, जलयंत्रालय के अधीक्षण यंत्री, कार्यपालन यंत्री, मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी, समस्त झोनल अधिकारी व सहायक यंत्री व अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

आयुक्त शिवम वर्मा द्वारा ग्रीष्मकाल में जलप्रदाय एवं वषार्काल के दौरान जल जमाव की समस्याओ के समाधान हेतु समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक के दौरान आयुक्त श्री वर्मा द्वारा ग्रीष्मकाल के दौरान जलप्रदाय व्यवस्था की समीक्षा करते हुए, जिन-जिन क्षेत्रो में जलप्रदाय किया जा रहा है, उन क्षेत्रो में स्थित बोरिंग की स्थिति का निरीक्षण करने के संबंधित अधिकारियो को निर्देश दिये गये, साथ ही ऐसे क्षेत्रो में जलप्रदाय सुचारू हो इसके लिये वॉटर टैंकर के माध्यम से जलप्रदाय करने के भी निर्देश दिये गये।

### वर्षाकाल में जलजमाव न हो

इसके साथ ही आयुक्त श्री वर्मा द्वारा वषार्काल के दौरान शहर के ऐसे स्थान जहां पर जल जमाव की स्थिति उत्पन्न होती है, ऐसे क्षेत्रो का समस्त झोनल अधिकारियो द्वारा रिपोर्ट तैयार कर आगामी सोमवार को पुनः बैठक में प्रेजेटैशन के माध्यम ऐसे स्थानो पर की जाने वाली कार्यवाही के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

### अफसर जलप्रदाय कार्य के मौका स्थल का निरीक्षण करें

आयुक्त श्री वर्मा द्वारा समस्त झोनल अधिकारियो को जलप्रदाय कार्य के संबंध में प्रातकालः फिल्ड पर जाकर मौका स्थल का निरीक्षण करने के निर्देश दिये गये। इसके साथ ही आयुक्त श्री वर्मा द्वारा झोन क्षेत्र में जल जमाव के दौरान जल निकासी, जल निकासी में बाधक पर रिमूव्हल कार्यवाही, जल जमाव क्षेत्रो से रहवासियों को सुरक्षित स्थान पर शिफट करने की व्यवस्थाओ के संबंध में समस्त झोनल अधिकारियो को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। इसके साथ ही आयुक्त श्री वर्मा द्वारा समस्त झोनल अधिकारियो को चेम्बर सफाई के लिये शेडयुल तैयार करने के निर्देश दिये गये, साथ ही चेम्बर सफाई का ऐसा शेडयुल तैयार करने, जिससे की प्रत्येक चेम्बर की प्रत्येक 3 माह में सफाई होना सुनिश्चित हो सके।

### कुएं व बावडियों पर भी दें ध्यान

इसके साथ ही आयुक्त श्री वर्मा द्वारा जलप्रदाय व्यवस्था की समीक्षा करते हुए, जिन क्षेत्रो से डिमांड प्राप्त हो उन स्थानो पर टैंकर उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये। साथ ही आयुक्त श्री वर्मा द्वारा कुएं, बावडी की सफाई सुनिश्चित करे, जल संग्रहण हेतु चैनल क्लीयर करने के भी निर्देश देते हुए, संबंधित अधिकारियो को फिल्ड में मौका मुआयना करने के निर्देश दिये गये।

### सीएम हेल्प लाईन व 311 एप की शिकायतो की समीक्षा

आयुक्त श्री शिवम वर्मा द्वारा सीएम हेल्प लाइन एवं इंदौर 311 एप पर प्राप्त शिकायतो की भी समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान आयुक्त श्री वर्मा द्वारा रेडमली शिकायतो का अवलोकन किया गया तथा प्राप्त शिकायतो का समाधान करने के साथ ही संबंधित शिकायतकर्ता की संतुष्टि के संबंध में कहा कि संबंधित शिकायतकर्ता से चर्चा जरूर करे। साथ ही सीएम हेल्प लाईन एवं 311 एप में पेयजल व स्वच्छ भारत मिशन से संबंधित शिकायतो को 24 घंटे में समाधान किया जाना सुनिश्चित करे।

### दो अधिकारियों को शोकाज नोटिस

बैठक के दौरान आयुक्त श्री वर्मा द्वारा सीएम हेल्प लाईन की प्राप्त शिकायतो की रेंडमली अवलोकन करने के दौरान झोन क्रमांक 01 अंतर्गत शिक्षक नगर में रहवासी द्वारा पानी नही आने की शिकायत का समय सीमा में समाधान नही करने एवं संतोषजनक जवाब नही देने आयुक्त श्री वर्मा द्वारा झोनल अधिकारी अवधेश जैन एवं संबंधित झोन के पीएचई के एसई सुभाष कडेकर को शोकाज नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गये।

इंदौर सहित प्रदेश के किसानों के लिए बड़ी राहत

# सोसाइटियां खरीदेंगी 30% तक चमक विहिन गेहूं क्वालिटी में गिरावट की जिम्मेदारी प्रदेश सरकार की

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। किसानों से दागदार गेहूं खरीदने से इनकार कर रही को-ऑपरेटिव सोसाइटियां अब ऐसा नहीं कर सकेंगी। सरकार ने किसानों की कठिनाइयों को कम करने के लिए इसमें छूट देने का निर्णय लिया है। अब प्रदेश में किसानों से 30त्न तक लेक लस्टर (चमक विहीन) गेहूं खरीदा जा सकेगा। वेयर हाउस में इसे रखे जाने के बाद इसकी क्वालिटी में किसी भी तरह की गिरावट की जिम्मेदारी भी मप्र सरकार की होगी। इस संबंध में केंद्र सरकार ने राज्य सरकार को दिशा-निर्देश दिए हैं। इसमें सरकार द्वारा खरीदे जा रहे गेहूं में 30त्न तक लेकलस्टर (चमक विहीन) होने पर भी खरीदा जा सकेगा। दरअसल इस बार जनवरी में बेमौसम बारिश और कोहरे गेहूं की फसलों पर इसका असर पड़ा है। मालवा में तो गेहूं की खरीदी शुरू होने पर ही सोसाइटी किसानों से इस तरह का गेहूं खरीदने से समितियां इनकार कर रही थी। कुछ सोसाइटियों ने गेहूं खरीद लिया था जिसे भारतीय खाद्य निगम (ऋइउ) ने वापस कर दिया था। इस लेकर संयुक्त किसान मोर्चा ने आपत्ति उठाई थी और सरकार से कहा था कि लेकलस्टर और मामूली दागी गेहूं को भी खरीदा जाए। इस बीच केंद्रीय कृषि मंत्रालय ने मध्य प्रदेश सरकार को पत्र द्वारा निर्देशित किया है कि अब बगैर किसी भावों की कटौती के किसानों का बारिश के कारण खराब हुआ गेहूं भी खरीदा जाए। हालांकि इस पर 30त्न तक का बंधन जरूर लगाया है। राज्य सरकार को यह भी निर्देश दिए हैं कि दागी गेहूं में किसानों का कोई नुकसान नहीं हो, ऐसी व्यवस्था करें। जितना भी गेहूं खरीदा जाए उसे अलग रखकर जल्द से जल्द उसका वितरण किया जाएं।

# साहू समाज ने धूमधाम से मनाई भक्त मां कर्मा देवी जयंती

**इंदौर।** श्री सकल पंच साहू वैश्य बाथली समाज द्वारा सिलावट पूरा धर्मशाला से सुबह 6:00 बजे प्रभात फेरी एवं कलश यात्रा का आयोजन किया गया, जो की बियाबानी चौराहा होते हुए कैला माता देवी मंदिर, वैष्णव कन्या विद्यालय,मालगंज चौराहा, कांच मंदिर ,नरसिंह बाजार होते हुए वापस सिलावट पूरा साहू समाज मंदिर पर समापन किया गया रास्ते में कई जगह साहू समाज द्वारा मंच लगाकर शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा की गई शोभा यात्रा घोड़ा बग्गी एवं बैंड बाजा के साथ निकाली गई जिसमें साहू समाज के सैकड़ो महिला पुरुष एवं बच्चों ने भाग लिया। श्री सकल पंच साहू समाज सिलावट पूरा द्वारा साहू समाज से संबंधित फिल्म, मेरी मां कर्मा, जो की अभी रिलीज हुई है इस फिल्म को समाज के 200 लोगों को बाईपास स्थित फिनिक्स मॉल में निशुल्क दिखाई जाएगी । कार्यक्रम में भाजपा नेता लक्ष्मी नारायण जगन्नाथ साहू ,संरक्षक दिनेश देवीलाल साहू, ओम प्रकाश शिवदयाल साहू ,साहू समाज अध्यक्ष जीवन मांगीलाल साहू, महामंत्री राजू दौलत राम साहू, यात्रा प्रभारी चेतन साहू सहित हजारों की संख्या में साहू समाज के लोग मौजूद थे । उक्त जानकारी साहू समाज अध्यक्ष जीवनलाल साहू ने दी।

कटाक्ष




# दशहरा मैदान पर श्रीराम जन्मोत्सव महायज्ञ एवं मेला

## अयोध्या की पवित्र रज व सरयू के पावन जल सहित होंगे रामलला के दर्शन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। दशहरा मैदान स्थित हाअवध लोक पर 9 से 17 अप्रैल तक जन जन के आराध्य प्रभु श्रीराम के जन्मोत्सव पर आयोजित हासबके राम कार्यक्रम में अनेक आयोजन होंगे। बंगाल से आए 60 कलाकारों ने यहां अयोध्या में बने भव्य रामलला के मंदिर की 120 फीट ऊंची प्रतिकृति का निर्माण किया है, जिसके दर्शन रोजाना सुबह 7 से रात 11 बजे तक अयोध्या से लाई गई पवित्र रज एवं सरयू नदी के पावन जल के साथ होंगे। इसी तरह श्री राम जन्मोत्सव महायज्ञ का दिव्य अनुष्ठान भी विद्वान आचार्यों के निर्देशन में होगा। अब तक 250 से अधिक यजमान युगल इस महायज्ञ में आहुतियां समर्पित करने हेतु अपना पंजीयन करा चुके हैं।**

### होगी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां

महोत्सव में रोजाना शाम 6 बजे रामगीत धुन, शाम 7.30 बजे आरती एवं रात 8.30 बजे से कलाकारों एवं रंगकर्मियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां भी इस महोत्सव का प्रमुख आकर्षण होगा। शुभारंभ 9 अप्रैल को हिन्दू नववर्ष के शुभारंभ पर सुबह 10 बजे 151 फीट ऊंची गुड़ी के पूजन एवं गुड़-धनिया के वितरण के साथ शहर के प्रमुख धमार्चार्यों, संत विद्वानों एवं राजनेताओं के आतिथ्य में होगा।

### होगा महायज्ञ का शुभारंभ

सबके राम लोक कल्याण समिति के संयोजक महेंद्रसिंह चौहान एवं प्रवीणा पंकज अग्निहोत्री ने बताया कि 9 अप्रैल को सुबह 8 बजे यज्ञाचार्य पं. किशोर जोशी के आचार्यत्व में श्रीराम जन्मोत्सव महायज्ञ का शुभारंभ होगा। इसमें 250से अधिक युगलों ने अपने पंजीयन करा लिए हैं। यज्ञ रोजाना सुबह 7 से 10 बजे तक होगा। यज्ञ शाला में चारों वेदों के नाम पर चार प्रवेश द्वार, दसों दिशाओं के सूचक संकेतक एवं मां नवदुर्गा की स्थापना भी की गई है। प्रत्येक कुंड पर सुपारी के गणेशजी की प्रतिमा भी स्थापित होगी।

### बंगाल के 60 कलाकारों ने तैयार किया मंदिर का मॉडल

बंगाल के 60 कलाकारों ने रामलला के मंदिर का जो मॉडल यहां तैयार किया है, उसमें प्रभु श्रीराम एवं परिवार की प्रतिमा की स्थापना 9 अप्रैल को दोपहर 1 बजे की जाएगी। शाम 7:30 बजे आरती होगी एवं रात 8:30 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। मंगलवार सुबह 10 बजे 151 फिट ऊंची गुड़ी का पूजन सदुरु अन्ना महाराज एवं महामंडलेश्वर स्वामी रामगोपाल दास महाराज सहित मालवांचल के अनेक संतो के सान्निध्य में होगा। मंगलवार रात 8:30 बजे शिवाझुंदर ग्रुप द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे।

# रेलवे ने जारी किया नया रेट लिस्ट..!



DEAR PASSENGERS, KNOW YOUR ENTITLEMENT

Rates of meal items in Mail/ Express Trains

| | |
|---|---|
| 1. Coffee/Tea with Tea bag (150 ml.)- | Rs. 7/- |
| 2. Packaged Drinking Water (1 ltr.)- | Rs. 15/- |
| 3. Standard Veg. Breakfast - (02 Slices Bread + 01 Butter Chiplet + 02 Veg. Cutlets + 01 Sauce Sachet ) | Rs. 30/- |
| 4. Standard Non Veg Breakfast- (02 Slices Bread + 01 Butter Chiplet + 02 Eggs Omelette + 01 Sauce Sachet) | Rs. 35/- |
| 5. Standard Veg Casserole Meal (Lunch/ Dinner)- Rice (150 gms) + 02 Parathas or 04 Rotis (100 gms)+ Dal (150 gms) + Mix Veg (100 gms)+ Pickle Sachet+ Curd (100 gms) or Sweet (40 gms) + Packaged Water Glass (250 ml) | Rs. 50/- |
| 6. Standard Non Veg Casserole Meal (Lunch/Dinner) - Rice (150 gms) + 02 Parathas or 04 Rotis (100 gms)+ Dal (150 gms) + 02 Egg Curry (200 gms)+ Pickle Sachet+ Curd (100 gms) or Sweet (40 gms) + Packaged Water Glass (250 ml) | Rs. 55/- |

Please insist for bill upon availing catering services

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। लिस्ट में बताया गया है कि कौन सी चीज कितने रुपये की है,इस लिस्ट में चाय से लेकर खाने के सबके के दाम हैं!**

IRCTC की तरफ से कहा गयाz है कि सभी यात्री खाना या नाश्ता लेने पर वेंडर से उसका बिल जरूर लें,माना जा रहा है कि रेलवे की तरफ से जारी की गई रेट लिस्ट के बाद अब ग्राहकों से खाने के लिए मनमाना पैसा नहीं वसूला जाएगा....

यात्रियों को कॉफी और चाय 7 रुपए में मिलेगी,वो भी टी-बैग के साथ,वहीं पानी की 1 लीटर बोतल के लिए 15 रुपए का भुगतान करना होगा,स्टैंडर्ड वेज ब्रेकफास्ट 30 रुपए,जबकि नॉनवेज ब्रेकफास्ट की कीमत 35 रुपए निर्धारित की गई है,अगर आप वेज थाली लेते हैं,तो 50 रुपए लगेंगे, जबकि नॉनवेज थाली के लिए 55 रुपए लगेंगे,कोई भी थाली के साथ 250 ml पानी का ग्लास मिलेगा।

# स्वास्थ्य शिविर में करीब 300 मरीजों की जांच

## मरीजों को दवाओं का वितरण भी हुआ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। मेडिकल छात्रों को समाज से जोड़ना एवं उनकी परेशानियों को महसूस कर, सहानुभूति जागृत करने के उद्देश्य से मालवांकुर के इस अनूठे प्रयास का प्रारंभ हुआ।**

मालवांकुर के बैनर के तले करीब 70 मेडिकल छात्र एवं छात्राओं को मानपुर के दूरस्थ जनजातीय गांवों में ले जाया गया। इस तीन दिवसीय यात्रा में एमजीएम मेडिकल कॉलेज, अष्टांग आयुर्वेद, अरबिंदो, एलएनसीटी एवं शुभदीप चिकित्सा महाविद्यालय के छात्र एवं छात्राएं सम्मिलित हुए। प्रत्येक गांव के परिवारों में ही दो या तीन बच्चों को ठहराया गया। गांव में रहकर ही बच्चों ने परिवारों से संवाद किया, सर्वे किया, स्वास्थ्य की जानकारी दी । बच्चों का भोजन एवं रात्रि विश्राम जनजातीय परिवारों में ही था ।

मालवांकुर 2024 जनजातीय क्षेत्रों में में ज्यादा पाए जाने वाली बीमारी सिकल सेल एनीमिया को को समर्पित था। अतः छात्रों को पहले विशेषज्ञों द्वारा इस बीमारी के बारे में जानकारी दी गई। जिसके आधार पर बच्चों ने समाज में सर्वे किया एवं स्वास्थ्य शिविर में विशेषज्ञों द्वारा ऐसे मरीजों की जांच की गई। इस प्रयास में करीब 30 गांवो का सर्वे एवं स्वास्थ्य जागरण हुआ । स्वास्थ्य शिविर में करीब 300 मरीजों की जांच हुई एवं दवाओं का वितरण भी हुआ। मालवांकुर द्वारा आयोजित स्वास्थ्य शिविर में इंदौर के कई विशेषज्ञ डॉक्टरो ,श्री गुरु जी सेवा न्यास एवं सेंट्रल पैथोलॉजी का सहयोग रहा।

यात्रा का समापन कार्यक्रम एमजीएम ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश चिकित्सा महाविद्यालय के कुलपति डॉ अशोक खंडेलवाल ने बताया की नई शिक्षा नीति के तहत मेडिकल छात्रों के पाठ्यक्रम में समाज के साथ संवाद साधना एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। विशिष्ट अतिथि एमजीएम के डीन डॉक्टर संजय दीक्षित ने बच्चों को ऐसे प्रयास में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने को लिए प्रोत्साहित किया।

## नितिन जैन को जैन रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया

**इंदौर।** नितिन जैन जी का योगदान दूध उद्योग में और समाज में सराहनीय है। उन्होंने डेरी उद्योग की मुश्किलों को पार करते हुए डेरी उत्पादन में प्रोडक्ट की शुद्धता और स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्यपूर्ण प्रोडक्ट समाज में उपलब्ध कराए है. दूध उबलने पर अपने स्वाद में और मिठास घोलता है, इस तरह श्रीधी दूध के प्रोडक्ट अपने स्वाद और शुद्धता से मध्य प्रदेश व अन्य प्रदेश के हर घर में अपनी शक्तिशाली छाप छोड़ता है. नितिन जैन का कहना है की उन्होंने विषम परिस्थितियों में भी अपने उत्पादों की उपलब्धता बनाई रखी है और किसानों को रोजगार का मौका दिया है।

## इंदौर किड्स फैशन वीक का ऑडिशन हुआ, फिनाले 21 को

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** फैशन को अपना करियर बनाने का सपना देखने वाले बच्चो और किशोर उम्र तक के लिए इंदौर किड्स फैशन वीक 2024 सीजन टू का आयोजन शहर की संस्था ईशा क्रिएशन द्वारा इंदौर के फीनिक्स मॉल में 21 अप्रैल को होगा। इसके ऑडिशन रविवार को होटल अमरविलास में आयोजित हुए जिसमे इंदौर के अलावा भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर, रायपुर, शिवपुरी आदि शहरों के तकरीबन 300 बच्चों ने हिस्सा लिया ।आयोजक विकास सिंह सोलंकी ने बताया कि हमारी संस्था पिछले कई वर्षो से इस तरह के आयोजन करते आ रही है , बच्चों,युवा और मॉम्स के लिये आगे भी कई तरह के कंटेस्ट होने वाले है। अर्चना मोदी सिंघानिया , निदा शेख ,रुचि विजयवर्गीय, स्वाति गुप्ता एवं रिचा कौशल ने इस ऑडिशन को जज किया।



## सुबह दिया सूर्य को अर्घ्य, शाम को भजन संध्या

**इंदौर।** संस्था सर्व सेवा द्वारा गुड़ी पड़वा नववर्ष पर कुशवाह नगर चौराहे पर प्रातः सूर्य भगवान को अर्घ्य दे कर गुड़ धनिया वितरण किया। संयोजक अजय कुशवाह ने बताया की रात्रि 8 बजे गन्नू महाराज की भजन संध्या का आयोजन किया गया है कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय मुख्य रूप से मौजूद रहेंगे।

## पंच प्यारे मित्र मंडल ग्रुप द्वारा प्याऊ का उद्घाटन

**इंदौर।** पंच प्यारे मित्र मंडल ग्रुप लिंबोदी खंडवा रोड के तत्वाधान में गंगा स्क्वायर के मुख्य मार्ग पर एक प्याऊ की स्थापना की । इस शुभ कार्य में मुख्य अतिथि के रूप में राधेश्याम वर्मा मज्जन भैया ,शांतिलाल उपाध्याय, आरती दीदी, करूंण उपाध्याय के उपस्थिति में प्याऊ का उद्घाटन हुआ । इस विशेष अवसर पर मुख्य अतिथियों ने जल के महत्व को बताते हुए जल को पांच तत्वों में से एक प्रधान तत्व बताया । इस अवसर पर रामबाबू गुप्ता ने सबका आभार माना।

# बड़ा गणपति चौराहे पर हुआ नववर्ष का भव्य आयोजन

## कन्या पूजन के साथ नववर्ष की अगवानी



**इंदौर। पारंपरिक लोक नृत्य, वैदिक मंत्रोच्चार एवं शंख ध्वनि के साथ गुड़ी पड़वा नववर्ष का स्वागत सूर्यदेव को अर्घ्य देकर किया गया। आयोजक व भाजपा प्रदेश के सह मीडिया प्रभारी व पूर्व पार्षद दीपक जैन टीनू ने बताया कि संस्था सार्थक एवं हिंदू नववर्ष आयोजन समिति के तत्वाधान में बड़ा गणपति चौराहे पर हुआ नववर्ष गुड़ीपड़वा का आयोजन परंपरा और प्रतिबद्धता का पर्याय बन गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं कन्या पूजन के साथ किया गया।**

संस्था के अध्यक्ष नितेश मुछाल व अंकित रावल ने बताया कि धार्मिक परंपराओं के साथ सांस्कृतिक संबद्धता का सम्मान भी सर्वोपरि है। संस्कारों को सार्थक करने की ऐसी पहल बदलते दौर में इसलिए भी आवश्यक हो गई है ताकि मूल्यों और मान्यताओं को लेकर युवा पीढ़ी का विश्वास बना रहे। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि नव संवत्सर सनातन संस्कृति का पर्व है। संस्था के गौरव नाहर व पंकज जैन (पाश्र्वनाथ) ने बताया इस अवसर पर पद्मश्री डॉ. पुरू दाधिच एवं डॉ. सुचित्रा हरमलकर की शिष्या प्रसिद्ध नृत्यांगना दमयंती भाटिया मिरदवाल ने अपने सहयोगी कलाकारों के साथ अवध के राम, गाथा रघुनंदन की, रक्तबीज संहार, राम स्तुति और सूर्य आराधना पर आधारित कथक एवं लोक नृत्य की विशेष प्रस्तुति दी। संस्था के केशव पोरवाल व योगेश ठाकुर ने बताया इस विशेष अवसर का खास आकर्षण रहे भगवा साफा बांधकर उत्सव में शामिल हुए युवा। समाज प्रमुख , वरिष्ठजन, विभिन्न महिला मंडल के सदस्य, बड़ी संख्या में युवा साथी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पधारे अतिथियों का स्वागत संस्था के सदस्य अमित सोनी , सागर गेहलोत ,गणेश वर्मा , प्रभात अवले, शुभम् शर्मा ,सागर शर्मा ,लवनिश खेमानी, व आभार अंकित रावल ने किया।

**नरोत्तम मिश्रा ने जीतू पटवारी को कहा झूठा**

# पूर्व गृह मंत्री बोले- उनका स्वभाव झूठ बोलकर चरित्र हत्या करने का है

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मध्य प्रदेश सरकार के पूर्व गृह मंत्री एवं भाजपा न्यू जॉइनिंग टोली के प्रदेश संयोजक डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने प्रदेश मीडिया सेंटर में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने पीसीसी चीफ जीतू पटवारी को झूठा और चरित्र हत्या करने वाला व्यक्ति कहा। नरोत्तम मिश्रा ने कहा, जीतू पटवारी का स्वभाव झूठ बोलकर चरित्र हत्या करने का है। इस स्वभाव के अनुरूप ही उनकी प्रेस वार्ता दिखाई दी।**

27 मार्च से उमंग सिंघार कहीं नहीं दिख रहे हैं। कांग्रेस आदिवासी वर्ग की उपेक्षा करती है। उमंग सिंघार की बुआ जमुनादेवी का कभी सम्मान नहीं हुआ। वे खुद कहती थीं, वो दिग्विजय सिंह की भट्टी में तप रही हैं। इस दौरान डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने 6 अप्रैल को बीजेपी के स्थापना दिवस पर बीजेपी जॉइन करने वाले लोगों के आंकड़े पेश किए।

### जितनी संख्या बताई उतने तो दीपक सक्सेना के साथ आए

नरोत्तम ने कहा जितनी उन्होंने(जीतू पटवारी) संख्या बताइ है। इतने लोग तो एक दिन में दीपक सक्सेना छिंदवाड़ा से लेकर आए थे। जीतू पटवारी, राहुल गांधी के पक्के चेले हैं। उन्हें सही से हिंदी नहीं आती और इन्हें सही से गिनती नहीं आती। ये एकला चलो की नीति पर चलते हैं। अगर उमंग सिंघार, दिग्विजय सिंह, कमलनाथ से पूछ लेते तो कमलनाथ ही बता देते कि छिंदवाड़ा से कितने लोग बीजेपी में आए हैं। यह संख्या हम करेक्ट कर देते हैं। उन्हें नक्शे पर दिखाई नहीं दे रहा होगा जैसे वे हैं वैसी स्थिति सबको देखने को मिल रही है।

### 6 अप्रैल को 282242 सदस्य भाजपा के बने

पूर्व गृहमंत्री ने कहा, हमारे प्रदेश अध्यक्ष ने आज पूरी संख्या विस्तार से बता दी है। 47179 बूथों पर 6 अप्रैल को 282242 सदस्य भाजपा के बने हैं। इन सबकी विधानसभा वार सूची उपलब्ध है। इसे बीजेपी के ऐप पर भी देख सकते हैं।

### जब से जीतू अध्यक्ष बने कांग्रेस की दुर्गति हुई

नरोत्तम मिश्रा ने कहा, जब से जीतू जी अध्यक्ष बने कांग्रेस की दुर्गति हुई है। उनका एक भ्रम दूर करना चाहता हूं- 6 तारीख आखिरी तारीख नहीं थी। वह स्थापना दिवस की तारीख थी। जॉइनिंग का यह क्रम बदस्तूर जारी रहेगा। जितनी संख्या उन्होंने कल बताई थी। उतने तो विधायक, पूर्व विधायक, पूर्व केंद्रीय मंत्री, पूर्व राज्य के मंत्री पूर्व सांसद, महापौर, पूर्व महापौर नगर पालिका अध्यक्ष पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष नगर पंचायत अध्यक्ष पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष जिला पंचायत अध्यक्ष पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत सदस्य पूर्व सदस्य नगर निगम के पार्षद पूर्व पार्षद यही इतनी बड़ी संख्या है जो उनके झूठ को उजागर कर देगी।

### जीतू पटवारी ने भाजपा के दावे को कहा था फर्जी

बीजेपी के स्थापना दिवस पर एक लाख से अधिक लोगों की बीजेपी जॉइन करने के दावे पर जीतू पटवारी ने कहा- बीजेपी के आंकड़े एकदम फर्जी है। उनके द्वारा जो सूची जारी की गई है उसके हिसाब से केवल 236 लोगों ने बीजेपी जॉइन की है। बाकी वह लोग हैं जो 2023 के चुनाव में पार्टी के विरोध में कर रहे थे।

# शिवराज ने कहा- सांसद बनूंगा, लोग बोले- मुख्यमंत्री बनोगे

## पूर्व सीएम का पांढुर्णा की जनता को जवाब- ऐसे कह रहे, जैसे आपको ही बनाना है

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छिंदवाड़ा। पांढुर्णा में सभा करने पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से जनता ने कहा, ह्यभाई साहब, आप मुख्यमंत्री बनोगे। इसके जवाब में शिवराज मुस्कुराकर बोले, ह्यऐसे कह रहे, जैसे आपको ही बनाना है।**

पूर्व सीएम ने सोमवार को पांढुर्णा के बड़चिचोली में छिंदवाड़ा से लोकसभा प्रत्याशी विवेक बंटी साहू के समर्थन में सभा की। पांढुर्णा में सभा में पूर्व सीएम शिवराज ने कहा कि, मैं नाम लेकर किसी की बुराई नहीं करता, लेकिन हिसाब-किताब तो मांगो कि 5 साल में किया क्या है? लेना न देना, मगन रहना, बाकी कुछ किया ही नहीं है। क्या करोगे ऐसे सांसद का?

उन्होंने आगे कहा, हमारे उम्मीदवार बंटी साहू भी दिन और रात लगातार आपकी सेवा करेंगे। अगर मैं भी सांसद बन जाऊंगा तो थोड़ा - बहुत धर्म मैं भी निभाऊंगा। मामा भी तो बुरा नहीं है। उनके इतना कहते ही लोग बोले कि आप मुख्यमंत्री बनोगे। इसके जवाब में पूर्व सीएम ने कहा, मेरा एक प्रण पक्का है, आपके सेवक का, वो जन्म भर रहेगा।

### दूसरी बार शिवराज का छिंदवाड़ा दौरा

पांढुर्णा के बड़चिचोली से पूर्व मुख्यमंत्री छिंदवाड़ा की अमरवाड़ा विधानसभा के धनौरा के लिए रवाना हुए। इसके बाद उनकी जुन्नारदेव विधानसभा अंतर्गत तामिया के चावलपानी गांव में सभा है। यहां से वे होशंगाबाद लोकसभा के पिपरिया जाएंगे। विधानसभा चुनाव परिणाम के ठीक बाद शिवराज सिंह चौहान छिंदवाड़ा आए थे। इसके बाद वे अब चुनावी सभा करने आए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अब तक 5 बार छिंदवाड़ा लोकसभा क्षेत्र का दौरा कर चुके हैं।

**गजब के हैं अजब सिंह**

# पांच महीने में तीसरी बार कांग्रेस के पूर्व विधायक ने बदला दल, फिर भाजपा में आए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मुरैना।** चुनाव से पहले ही कांग्रेस के सामने जो संकट खड़ा था वह चुनावी समर में और विकराल हो गया। मुरैना के एक और पूर्व विधायक ने कांग्रेस का हाथ छोडक़र भाजपा की सदस्यता ले ली। सुमावली के पूर्व विधायक अजब सिंह कुशवाह ने मामचौन गांव में हुई सभा में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सामने भाजपा की सदस्यता ले ली। इससे पहले जनवरी में मुरैना के पूर्व विधायक राकेश मावई कांग्रेस छोड़ भाजपा के हुए थे। सुमावली विधानसभा से 2020 के उप चुनाव में कांग्रेस के टिकट पर विधायक बने अजब सिंह कुशवाह ने बीते साढ़े पांच महीने में तीसरी बार पार्टी बदली है। नवंबर 2023 में विधानसभा का टिकट काटकर कुलदीप सिकरवार को मिल गया था, इससे भडक़े अजब सिंह ने कमल नाथ तक को जमकर खरीखोटी कहीं और उसी दिन बसपा की सदस्यता ले ली।

## श्रद्धालुओं से भरा ऑटो पलटा, 3 की मौत

**सागर।** श्रद्धालुओं से भरे ऑटो को ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में 3 श्रद्धालुओं की मौत हो गई। 14 घायल हैं। सभी सोमवती अमावस्या पर नर्मदा स्नान के लिए बरमान जा रहे थे। देवरी पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। श्रद्धालु बांदरी क्षेत्र के ग्राम ढावरी के रहने वाले हैं। हादसा सागर-नरसिंहपुर हाईवे पर देवरी के पास बीना तिगड्डे पर हुआ। क्रॉसिंग के दौरान ट्रक की टक्कर से ऑटो पलट गया। 2 श्रद्धालुओं की मौके पर ही मौत हो गई। 15 घायलों को अस्पताल लाया गया, जिनमें से एक ने अस्पताल में दम तोड़ दिया।

# सतना में सबसे ज्यादा 19 प्रत्याशी लड़ेंगे चुनाव

## रीवा-होशंगाबाद में एक भी नामांकन वापस नहीं हुआ; दूसरे चरण की 7 सीटों पर 87 प्रत्याशी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। प्रदेश में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में नामांकन वापसी के बाद प्रत्याशियों की स्थिति साफ हो गई है। सोमवार दोपहर 3 बजे तक नामांकन वापसी का आखिरी समय था। इस दौरान 6 नामांकन वापस लिए गए। रीवा और होशंगाबाद लोकसभा क्षेत्र में भी किसी कैंडिडेट ने नाम वापस नहीं लिया है।**

इससे पहले स्क्रूटनी के दौरान 5 नामांकन रिजेक्ट किए जा चुके हैं। यानी अब दूसरे चरण की 7 सीट रीवा, सतना, होशंगाबाद, टीकमगढ़, बैतूल, खजुराहो और दमोह पर कुल 87 कैंडिडेट्स मैदान में हैं।

सबसे ज्यादा 19 प्रत्याशी सतना लोकसभा सीट पर हैं। इसके बाद 14-14 कैंडिडेट खजुराहो और रीवा लोकसभा सीट पर हैं। वहीं, दमोह में 13, होशंगाबाद में 12, टीकमगढ़ में 7, बैतूल में 8 कैंडिडेट चुनाव मैदान में हैं।

### इन सीटों पर वापस हुए नामांकन

अब तक नामांकन वापस लेने वाले उम्मीदवारों में जिनका नाम चुनाव आयोग ने सार्वजनिक किया है उसमें दमोह से रामभजन बंसल निर्दलीय, अमित दुबे रामजी निर्दलीय, बैतूल से किशोर उइके निर्दलीय, टीकमगढ़ से पंकज अहिरवार निर्दलीय और सतना से राघवेंद्र पटेल निर्दलीय के नाम शामिल हैं।

### स्क्रूटनी के बाद 16 नामांकन हुए थे खारिज

दूसरे चरण के लिए 28 मार्च से नामांकन की प्रक्रिया शुरू हुई थी जो 4 अप्रैल तक चली। इसके बाद 5 अप्रैल को नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी की गई। तब 16 प्रत्याशियों के नामांकन खारिज हुए थे।

इसके बाद जो स्थिति बनी थी उसके अनुसार टीकमगढ़ में 8 प्रत्याशी, दमोह में 16, खजुराहो में 14, सतना में 20, रीवा में 14, होशंगाबाद में 12 और बैतूल में 9 उम्मीदवारों के नाम-निर्देशन पत्र सही पाए गए। स्क्रूटनी में टीकमगढ़ में 2, दमोह में 2, खजुराहो में 5, सतना में 2 और रीवा में 5 प्रत्याशियों के नामांकन रिजेक्ट किए गए थे।

### 93 नामांकन पत्र सही पाए गए थे

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि 93 अभ्यर्थियों के नामांकन पत्र सही पाए गए थे। दमोह में 16, खजुराहो में 14, सतना में 20, रीवा में 14, होशंगाबाद में 12, बैतूल में 9 और टीकमगढ़ में 8 अभ्यर्थियों के नामांकन पत्र सही पाए गए। वहीं, टीकमगढ़, दमोह और सतना में दो-दो, खजुराहो और रीवा में पांच-पांच अभ्यर्थियों के नामांकन पत्र रद्द किए गए।

### पहले चरण में हैं 88 कैंडिडेट

लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए 19 अप्रैल से नामांकन भरने का काम शुरू हुआ था और 27 मार्च तक नामांकन पत्र भरे गए थे। 28 मार्च को नामांकन पत्रों की जांच के बाद 30 अप्रैल तक नाम वापसी हुई थी। इसके बाद सीधी, शहडोल, जबलपुर, मंडला, बालाघाट और छिंदवाड़ा में 19 अप्रैल को होने वाले मतदान के लिए 88 प्रत्याशी चुनाव मैदान में रहे थे।

# संतान की चाहत में बालिका का अपहरण

## भोपाल से दंपती समेत तीन गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सागर।** सागर में संतान की चाहता में दंपती ने अपने एक साथी के साथ मिलकर 6 वर्षीय बालिका का अपहरण कर लिया। आरोपी बालिका को भोपाल लेकर पहुंचे। लेकिन वारदात की सूचना मिलते ही गोपालगंज थाना पुलिस ने तफ्तीश करते हुए दंपती समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं बालिका को सुरक्षित मुक्त कराया है। बालिका को माता-पिता के हवाले कर दिया गया है। पुलिस के अनुसार गोपालगंज थाने में 4 अप्रैल को बंडा के पठार मोहल्ला निवासी 48 वर्षीय महिला ने शिकायत की थी। शिकायत में बताया कि 2 अप्रैल को उनकी 6 वर्षीय बेटी सागर बस स्टैंड से खेलते-खेलते कहीं चली गई। काफी तलाश किया। लेकिन कहीं कुछ पता नहीं चला। शिकायत मिलते ही पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया। बस स्टैंड के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। कैमरों में कुछ संदिग्ध नजर आए। जिसके बाद पुलिस टीम गठित कर संदिग्धों की तलाश शुरू की। साइबर सेल की टीम सक्रिय की गई। इसी बीच बालिका की लोकेशन भोपाल में मिली। लोकेशन मिलते ही पुलिस टीम भोपाल पहुंची। जहां कार्रवाई करते हुए आरोपियों के कब्जे से 6 वर्षीय बालिका को सुरक्षित मुक्त कराया गया।

साथ ही आरोपी गोलू उर्फ जसवंत पिता गुड्डू चढार उम्र 25 साल निवासी रामपुर थाना रहली, मनीषा पति गोलू चढार उम्र 25 साल निवासी बिलहरा थाना सुरखी को गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा वारदात में आरोपियों की मदद करने वाले आरोपी गोलू उर्फ दीपेंद्र ठाकुर निवासी यादव कालोनी को भी गिरफ्तार किया गया। आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस सागर लाई। जहां उनसे पूछताछ की गई।

# एक्ट्रेस पूनम ढिल्लो ने महाकाल के दर्शन किए

## नंदी हॉल में परिवार के साथ बैठकर शिव जाप किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन।** फिल्म अभिनेत्री पूनम ढिल्लो बाबा महाकाल के दर्शन के लिए सोमवार दोपहर मंदिर पहुंचीं। उन्होंने नंदी हॉल से दर्शन कर भगवान महाकाल का आशीर्वाद लिया। उनके साथ परिवार के लोग भी रहे। एक्ट्रेस और उनके परिवार के सदस्यों ने नंदी हॉल से शिव जाप किया। इसके बाद वे मंदिर परिसर में स्थित ओंकारेश्वर मंदिर में पहुंचीं। इसके बाद गणेश मंदिर पहुंचकर भगवान गणेश का आशीर्वाद लिया। उन्होंने मंदिर में कलावा बंधवाकर कहा कि भगवान महाकाल के दर्शन कर धन्य हो गई। बाबा महाकाल के दर्शन किए हैं, अपने आप को बहुत खुशनसीब मानती हूं। अपने और परिवार के लिए भगवान महाकाल से मांगा है। सब खुश रहें।

# संपादकीय

## स्वागत योग्य है यह कोशिश

लोकसभा और विधानसभा चुनावों में जिस तरह बढ़-चढ़ कर प्रचार-प्रसार किया जाता है, उससे यही लगता है कि ज्यादातर लोग मतदान करने निकलेंगे। मगर हर बार मतदान का आंकड़ा बहुत उत्साहजनक नहीं रहता है। कई इलाकों में तो कुल मतदाताओं का आधा भी मतदान केंद्रों तक नहीं पहुंचता है। ऐसे में डाले गए मतों के आधार पर ही किसी सीट पर उम्मीदवारों की जीत और हार का फैसला होता है। जबकि संभव है कि मतदान का फीसद ऊंचा हो तो उसमें नतीजों का स्वरूप कुछ और सामने आए। हालांकि निर्वाचन आयोग की तरफ से भी मतदाताओं को मतदान में बढ़-चढ़ कर भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है, लेकिन ये सारी कवायदें जमीन पर उतरती नहीं दिखती हैं। लोकतांत्रिक अपेक्षाओं और कसौटियों के लिहाज से यह एक चिंताजनक स्थिति है। कम मतदान की समस्या से चिंतित निर्वाचन आयोग ने इस बार के आम चुनाव में देश के ग्यारह राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की दो सौ छियासठ सीटों की पहचान की है, जहां पिछले आम चुनाव में मतदान का फीसद राष्ट्रीय औसत यानी 67.40 से भी कम रहा था। इन सीटों में दो सौ पंद्रह ग्रामीण और इक्यावन शहरी संसदीय क्षेत्र शामिल हैं। अब आयोग ने खासकर इन सीटों पर मतदान के फीसद में बढ़ोतरी की कोशिशें तेज कर दी हैं। यों देश भर में अगर सिर्फ दो तिहाई मतदाता अपने मतदान के अधिकार का प्रयोग कर पाते हैं, तो यह कोई आदर्श स्थिति नहीं है, लेकिन अफसोस की बात यह है कि लोकसभा की लगभग आधी सीटों पर इससे भी कम मतदान होता है। समझा जा सकता है कि उन इलाकों में जीतने वाले उम्मीदवार कितने लोगों की नुमाइंदगी करते होंगे। लोकतंत्र में मतदान के अधिकारों के प्रति जागरूकता में कमी या अन्य वजहों से अगर इतनी बड़ी तादाद में मतदाता चुनाव प्रक्रिया से बाहर रह जाते हैं, तो यह सोचने की जरूरत है कि शासन के ढांचे में कुल कितनी आबादी की भागीदारी है। ऐसी स्थिति में मतदान का फीसद बढ़ाने के लिए निर्वाचन आयोग की कोशिशें स्वागतयोग्य हैं, लेकिन इसका वास्तविक नतीजा भी जमीन पर भी दिखना चाहिए।

**अर्ज किया है..!**

*महक रही है ज़मीं*
*चाँदनी के फूलों से*
*ख़ुदा किसी की*
*मोहब्बत पे मुस्कुराया है*

*- बशीर बद्र*



**डर सिर्फ इसलिए हैं क्योंकि आप जीवन के साथ नहीं जी रहे हैं, आप अपने दिमाग में जी रहे हैं।**

**-सद्गुरू जग्गी वासुदेव**

*Health is Wealth*

### वेट लॉस ही नहीं ओरल हेल्थ भी मेंटेन रखती है

# लौंग की चाय

*ये हैं फायदे और बनाने का तरीका*

गले में खराश हो या खांसी से हो बुरा हाल, दादी-नानी अक्सर लौंग चबाने की सलाद देती हैं। आयुर्वेद के अनुसार, लौंग सिर्फ खाने का स्वाद ही नहीं बढ़ती बल्कि कई बीमारियों के इलाज में बेहद फायदेमंद होती है। बात अगर लौंग में मौजूद पोषक तत्वों की करें तो, इसमें मिनरल्स, एंटीऑक्सीडेंट, एंटी-माइक्रोबियल, एंटी-वायरल और एनाल्जेसिक गुण पाए जाते हैं, जो सेहत के लिए बेहद फायदेमंद होते हैं। आइए जानते हैं लौंग की चाय पीने से सेहत को मिलते हैं क्या-क्या फायदे।

### लौंग की चाय पीने से सेहत को मिलते हैं ये फायदे

#### ओरल प्रॉब्लम होती हैं दूर

लौंग की चाय का नियमित सेवन करने से मसूड़ों और दांतों से जुड़ी कई तरह की परेशानियां दूर होती हैं। इस चाय का सेवन करने से मुंह में मौजूद बैक्टीरिया साफ हो जाते हैं। अगर आपके दांत में दर्द रहता है तो भी लौंग की चाय पीने से आपको आराम मिल सकता है। लौंग में एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं,जो दांत के दर्द को दूर करने में मदद करते हैं। इसके अलावा लौंग की चाय पीने से मुंह की बदबू, दांत या मसूड़ों में दर्द और सूजन की समस्या और पायरिया की समस्या भी दूर होती है।

#### डायजेशन हेल्थ

अगर पेट से जुड़ी परेशानियां आपको अक्सर परेशान करती हैं तो लौंग की चाय पीने से आपको फायदा मिल सकता है। लौंग की चाय पेट के अल्सर,पेप्टिक अल्सर के खतरे को कम करने के साथ एसिडिटी और पेट दर्द की शिकायत भी दूर कर सकती है।

#### तनाव से रखें दूर

जिन लोगों को बहुत ज्यादा स्ट्रेस रहता है उनके लिए भी लौंग की चाय फायदेमंद साबित हो सकती है। दरअसल, लौंग में चाय में कुछ ऐसे गुण मौजूद होते हैं, जो दिमाग को शांत करके तनाव की छुट्टी कर सकते हैं।



#### वेट लॉस

लौंग की चाय वजन घटाने में भी मददगार हो सकती है। लौंग की चाय नेचुरल फैटी एसिड और सिंथेसिस इनहेबिटर से भरपूर होने की वजह से वजन कम रखने में मदद कर सकती है।

#### दर्द और सूजन से राहत

लौंग की चाय में शक्तिशाली एनाल्जेसिक और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण मौजूद होते हैं, जो दर्द से राहत देने में मदद कर सकते हैं। अगर किसी व्यक्ति को सिरदर्द,दांत दर्द या मांसपेशियों में दर्द हो तो उसे लौंग की चाय राहत दिला सकती है।

#### कैसे बनाएं लौंग की चाय

लौंग की चाय बनाने के लिए सबसे पहले एक पैन में एक कप पानी डालकर गैस पर गर्म होने के लिए रख दें। इसके बाद इसमें 4-5 लौंग डालकर 5 से 7 मिनट के लिए पकने दें। अब गैस बंद करके पानी छान लें। आपकी लौंग की चाय बनकर तैयार है, इसे पीने से पहले इसमें एक चम्मच शहद मिला लें।

नोट- गर्मियों में लौंग का अधिक सेवन आपकी सेहत को नुकसान पहुंचा सकता है। लौंग की चाय बनाते समय मौसम के अनुसार इसकी मात्रा का ध्यान जरूर रखें।

New Delhi

# क्यों AAP को लग रहा दिल्ली में राष्ट्रपति शासन का डर, LG के पत्र से बढ़ी टेंशन

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** अरविंद केजरीवाल के जेल जाने से राजधानी दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाए जाने की अटकलें एक बार फिर जोर पकड़ने लगी हैं। दरअसल, दिल्ली के उपराज्यपाल द्वारा केंद्रीय गृह मंत्रालय को पत्र लिखकर दिल्ली सरकार की शिकायत की गई है। सूत्रों के अनुसार, इसके बाद से आम आदमी पार्टी (आप) नेताओं में राष्ट्रपति शासन को लेकर घबराहट और बढ़ गई है। वहीं, सोमवार को दिल्ली विधानसभा में बोलते हुए एक 'आप' विधायक ने दावा किया कि भाजपा 'आप' को डराने के लिए दिल्ली में राष्ट्रपति शासन की अफवाह फैला रही है।

दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने गृह मंत्रालय को पत्र लिखकर दिल्ली की ताजा स्थिति से अवगत कराया है। केंद्रीय गृह सचिव को लिखे पत्र में कहा गया है कि दिल्ली सरकार के मंत्री उपराज्यपाल के साथ बैठक करने से इनकार कर रहे हैं। मंत्री सार्वजनिक महत्व के मुद्दों पर चर्चा की बजाय उनकी अनदेखी कर रहे हैं। एलजी के पत्र में कहा गया है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी और उसके बाद के घटनाक्रम के मद्देनजर उपराज्यपाल ने जल, शिक्षा, स्वास्थ्य, परिवहन, पर्यावरण, वन आदि विभागों से संबंधित दिल्ली सरकार के प्रमुख मंत्रियों की बैठक बुलाने का निर्णय लिया था। उपराज्यपाल ने 29 मार्च और 2 अप्रैल को दो बार मंत्रियों के साथ बैठक के लिए कहा, लेकिन स्वास्थ्य मंत्री मुद्दों को सुलझाने की बजाय सार्वजनिक रूप से कीचड़ उछालने में लिप्त हैं ।



Uttarakhand

## बाबा तरसेम सिंह हत्याकांड

# शूटर अमरजीत उत्तराखंड STF संग मुठभेड़ में ढेर, 15 से ज्यादा मामलों में था वॉन्टेड



**हरिद्वार, (एजेंसी)** बाबा तरसेम सिंह हत्याकांड का मुख्य आरोपी शूटर अमरजीत मंगलवार तड़के हरिद्वार के भगवानपुर इलाके में उत्तराखंड स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) के साथ मुठभेड़ में ढेर हो गया। उत्तराखंड के डीजीपी ने मंगलवार को इसकी पुष्टि की है। नानकमत्ता गुरुद्वारे के 'कारसेवा' प्रमुख बाबा तरसेम सिंह की 28 मार्च को उधम सिंह नगर में दो बाइक सवार हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। उत्तराखंड के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अभिनव कुमार ने बताया कि एक लाख रुपये का इनामी शूटर अमरजीत सिंह उर्फ बिट्टू उत्तराखंड एसटीएफ के साथ हुए एनकाउंटर में मारा गया, जबकि उसका साथी फरार हो गया। डीजीपी ने कहा कि उत्तराखंड एसटीएफ और हरिद्वार पुलिस ने फरार आरोपियों को पकड़ने के लिए संयुक्त ऑपरेशन शुरू किया है। पुलिस ने बताया कि अमरजीत सिंह पर 16 से ज्यादा आपराधिक मामले दर्ज हैं। इससे पहले रविवार को उधम सिंह नगर के एसएसपी ने दोनों फरार शूटरों अमरजीत सिंह और सरबजीत सिंह पर इनाम की राशि 50 हजार रुपये से बढ़ाकर एक लाख रुपये कर दी थी। पुलिस द्वारा इस हत्याकांड मामले में तीन और आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने कहा कि वे कथित तौर पर अपराधियों को इकट्ठा करके, संसाधन उपलब्ध कराकर और हथियारों की आपूर्ति करके अपराध को अंजाम देने में शामिल थे।

Uttarpradesh

# अस्पताल में डिलीवरी के दौरान महिला की मौत, परिजनों ने डॉक्टरों पर लगाया लापरवाही का आरोप

**कानपुर, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश के कानपुर देहात में एक प्राइवेट अस्पताल में प्रसव के दौरान गर्भवती महिला की मौत हो गई, जिससे गुस्साए परिजनों ने ग्रामीणों के साथ मिलकर अस्पताल में हंगामा किया. महिला के परिजनों ने अस्पताल पर लापरवाही का आरोप लगाया है. अस्पताल में हंगामा देख अस्पताल संचालक और कर्मचारी ताला डालकर फरार हो गए. हंगामे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत कराया. ये मामला रसूलाबाद कोतवाली क्षेत्र का है. मेघजाल गांव के रहने वाले आनंद राजपूत की 22 वर्षीय पत्नी सुधा गर्भवती थी, प्रसव पीड़ा के बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां महिला की मौत हो गई. महिला की मौत के बाद परिजनों ने अस्पताल में जमकर हंगामा किया.

Uttarakhand

# उत्तराखंड के नैनीताल में बड़ा हादसा, खाई में गिरी मैक्स, 8 लोगों की मौत

**नैनीताल, (एजेंसी)** उत्तराखंड के नैनीताल में बड़ा हादसा हुआ है. यहां एक मैक्स वाहन खाई में गिर गया. इस दुर्घटना में 8 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई. घटना सोमवार देर रात की है. हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं. हादसा नैनीताल के बेतालघाट इलाके में हुआ है. बताया जा रहा है कि गाड़ी में 11 लोग सवार थे, जिनमें से 8 की मौके पर ही मौत हो गई. हादसे की जानकारी मिलने के बाद कुछ ही देर में पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंच गई थी. घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है.

## जान गंवाने वालों के नाम

1. विशराम चौधरी (50), 2. धीरज (45), 3. अन्तराम चौधरी (40), 4. विनोद चौधरी (38), 5. उदय राम चौधरी (55), 6. तिलक चौधरी (45), 7. गोपाल बसनियत (60), 8. राजेंद्र कुमार निवासी बेतालघाट, नैनीताल।

## घायलों के नाम

1. शांति चौधरी, 2. छोटू चौधरी, 3. प्रेम बहादुर जिला कटिहार, टिहरी में भी सामने आया था केस। ऐसा ही एक केस उत्तराखंड के टिहरी में कुछ समय पहले सामने आया था. यहां सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई थी. जिले के गजा तहसील के दुवाकोटी के पास एक टाटा सूमो दुर्घटना ग्रस्त हो गया था. वाहन में चालक सहित 11 लोग सवार थे. इनमें से दो लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई थी. वहीं एक घायल ने अस्पताल में दम तोड़ दिया था.

खेल

# जीत की पटरी पर लौटी धोनी की चेन्नई सुपर किंग्स... इस सीजन में कोलकाता टीम ने चखा हार का स्वाद

**चेन्नई, (एजेंसी)** चेन्नई सुपर किंग्स ने रवींद्र जडेजा और तुषार देशपांडे की शानदार गेंदबाजी के बाद कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ की बेहतरीन 58 गेंदों पर नौ चौकों की मदद से खेली नाबाद 67 रन की पारी के दम पर कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को सात विकेट से हराया। लगातार दो मैचों में हार के बाद चेन्नई अपने होम ग्राउंड पर जीत की पटरी पर लौटा, जबकि केकेआर को इस सीजन अपनी पहली हार का सामना करना पड़ा। केकेआर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में नौ विकेट पर 139 रन बनाए थे। जवाब में चेन्नई ने 17.4 ओवर में तीन विकेट पर 141 रन बनाकर मैच अपने नाम किया।




पांच बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स को उसके घरेलू मैदान चेपॉक स्टेडियम पर हराना किसी भी टीम के लिए आसान बात नहीं है, लेकिन जब बात केकेआर की हो तो दो बार की विजेता इस टीम के लिए सीएसके को उसके होम ग्राउंड पर हराना काफी कठिन रहा है। आंकड़ों को देखें तो केकेआर ने आईपीएल में चेपॉक स्टेडियम पर कुल 14 मैच खेले हैं और उसे 10 मैच में हार का सामना करना पड़ा है, जबकि सिर्फ चार मैच में टीम को सफलता मिली है। वहीं चेन्नई ने इस स्टेडियम पर केकेआर के खिलाफ कुल 11 आईपीएल के मुकाबले खेले हैं और उसने नौ मैच जीते हैं। चेन्नई ने इस मैच को एकतरफा अंदाज में जीतकर एक बार फिर केकेआर के खिलाफ अपने होम ग्राउंड पर दबदबा बनाए रखा है।

चेन्नई की टीम इस जीत के बाद पांच मैचों में तीन जीत और दो हार के साथ छह अंक लेकर अंक तालिका में चौथे स्थान पर है। हालांकि इस हार के बावजूद कोलकाता की टीम छह अंक लेकर दूसरे स्थान पर मौजूद है। पहले नंबर पर राजस्थान रॉयल्स की टीम है जिसने चार मैचों में सभी चार मुकाबले जीते हैं और आठ अंक लेकर शीर्ष पर बनी हुई है। अब राजथान की टीम टूर्नामेंट की एकमात्र टीम है जिसने अबतक एक भी मैच नहीं गंवाया है।

इससे पहले, सीएसके ने टॉस जीतकर केकेआर को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया और तेज गेंदबाज तुषार देशपांडे ने कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ के फैसले को सही साबित किया। उन्होंने केकेआर के सलामी बल्लेबाज फिल सॉल्ट को पहली ही गेंद पर आउट कर टीम को शुरुआती सफलता दिलाई। सॉल्ट मैच की पहली गेंद पर आउट होने वाले केकेआर के पांचवें बल्लेबाज बने। उनसे पहले ब्रेंडन मैकुलम, मनोज तिवारी, जैक कैलिस और जो डेनली केकेआर के लिए पहली ही गेंद पर आउट होने वाले बल्लेबाज थे। वहीं, सीएसके के लिए पहली गेंद पर सफलता प्राप्त करने वाले तुषार तीसरे गेंदबाज बने। उनसे पहले लक्ष्मीपति बालाजी और दीपच चाहर यह उपलब्धि हासिल कर चुके हैं।

सिनेमा

# सलमान नहीं तो ईद पर सूने रहेंगे थिएटर्स? अक्षय-अजय की फिल्मों का ठंडा है माहौल, रिलीज से 3 दिन पहले बदल रहे प्लान



सुपरस्टार सलमान खान का नाम बॉलीवुड में ईद का पर्यायवाची बन चुका है. बहुत सारे फैन्स के लिए तो तबतक ईद होती ही नहीं, जबतक सलमान की फिल्म थिएटर्स में न लगी हो. मगर सलमान की गैरमौजूदगी में बॉलीवुड से दो बड़े हीरोज ईद पर जनता को एंटरटेनमेंट देने के लिए तैयार बैठे थे. मगर इन दोनों की फिल्मों को लेकर जो माहौल है, उसमें बड़ा कन्फ्यूजन नजर आ रहा है. यहां बात हो रही है अक्षय कुमार और अजय देवगन की. अक्षय की टाइगर श्रॉफ के साथ 'बड़े मियां छोटे मियां' और अजय की 'मैदान' 10 अप्रैल, बुधवार के लिए शिड्यूल थीं. मगर अब दोनों ही फिल्मों को लेकर जो खबरें आ रही हैं, उससे जनता शायद ही तय कर पाएगी कि इनमें से किस फिल्म को लेकर एक्साइटेड होना है. असल में दोनों फिल्मों को लेकर काफी कन्फ्यूजन की स्थिति बनी हुई है. आइए बताते हैं कैसे... 'बड़े मियां छोटे मियां' और 'मैदान' दोनों फिल्मों के टलने की अनाउंसमेंट सामने आई है. जैसा कि सब जानते हैं, ईद कब मनाई जाएगी ये चांद की पोजीशन पर डिपेंड करता है. तो इधर चांद का हिसाब बुधवार की बजाय गुरुवार को सही बैठने की बात सामने आई और उधर दोनों फिल्मों के मेकर्स ने अपनी ऑफिशियल रिलीज डेट 10 अप्रैल से बदलकर 11 अप्रैल कर दी है. हालांकि, फिर भी 10 अप्रैल को जनता कुछ लिमिटेड शोज में दोनों फिल्में देख सकेगी क्योंकि दोनों के पेड प्रीव्यू बुधवार शाम से होने लगेंगे. यानी फर्क बस इतना है कि पहले जहां बुधवार को जनता, सुबह से हर जगह दोनों फिल्में देख सकती थी.

## Highlights

1. President Murmu's greetings on Chaitra Sukladi, Ugadi, Gudi Padwa
2. Know the meaning and significance of Gudi Padwa
3. Delhi High Court Verdict on Arvind Kejriwal's Arrest Plea Today
4. Kerala ragging: Student dies after 29-hour nonstop torture
5. Indian-origin man uses fake gun to rob ₹1 cr in London, arrested
6. Sensex tops 75K in historic surge, Nifty reaches new heights

# RIL stock to cross ₹3000? Morgan Stanley bullish on Reliance Industries stock

**NEW DEIHI, (Agency).** Brokerage Morgan Stanley retained its bullish stance on Reliance Industries stock and said that there are potential re-rating opportunities across verticals. With a target price of ₹3,046 on the RIL stock, the brokerage firm put an "overweight" call as Reliance Industries stock surged 35 percent in the past year and almost 10 percent in 2024. As per Morgan Stanley, Reliance Industries has the potential to see re-rating across various verticals supported by reduced debt and slower intensity of capex. The brokerage also said that the decline in net debt will lead to re-rating of the RIL stock.

What are the positives for Reliance Industries stock as per Morgan Stanley?



The brokerage highlight increase in demand for global fuel which could lead to long-term concerns unwinding. It also said that impending mobile phone tariff hikes promise to significantly boost Reliance Jio's revenue and profit while the company's new energy vertical is also poised to generate fresh revenue.

What Goldman Sachs said on Reliance Industries stock?

Goldman Sachs reiterated a "buy" rating on Reliance Industries, with as much as a 54 percent upside by FY26 in its bull case last month. The brokerage firm cited favourable risk-reward dynamics, unlocking from its Disney joint venture and enhanced return on capital investments.

# Nifty climbs to new record peak: Infosys is top gainer. Here's why

**NEW DEIHI, (Agency).** Benchmark equity indices continued their record-breaking rally today (April 9) as the BSE Sensex breached the 75,000-mark for the first time ever and Nifty climbed to its fresh new record peak. What contributed to the markets rally was major buying in IT stocks as 30-share BSE Sensex climbed 381.78 points to reach its all-time peak of 75,124.28 while NSE Nifty hit its record peak of 22,765.30.

From the Sensex basket, Infosys, Tech Mahindra, Tata Consultancy Services, HCL Technologies, Tata Motors, Wipro, ICICI Bank and Nestle were the major gainers while JSW Steel, Kotak Mahindra Bank, Reliance Industries and Larsen & Toubro were the laggards.




Why Infosys in top Nifty gainer?

Infosys emerged as the top Nifty gainer as the stock surging more than 2 percent to ₹1,509. This comes after BofA upgraded Infosys to "buy" from "neutral" and raised the target price to ₹1,785 from ₹1,735, citing attractive valuations. This means there could be over 18 percent upside from current levels in the stock which has declined 2 percent this year underperforming the Nifty IT index. The stock hit a 52-week high of ₹1,731 on February 6 but BofA said, "The normalisation of post-Covid spike in IT spends can be done with by mid-CY24. This transformation IT spends can see an uptick post US elections. We see upcoming earnings to provide last cut or floor to CY24E."

What about Infosys March quarter results?

On March quarter results of the company, JM Financial said in preview report, "We expect Infosys to report flat revenue growth on a sequential basis in Q4FY24, with 20 basis points (bps) cross-currency tailwinds. The limited contribution from mega deals in Q4 is likely to weigh on Q4 financials as well.

# कॉलेज छात्रा को घर में घुसकर छेड़ा, मारपीट भी की

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। कॉलेज की पढ़ाई कर रही एक छात्रा के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। आरोपी पीड़िता की ही सहेली के पिता और भाई है। पीड़िता के पास उसकी सहेली मिलने आई थी। उसके पिता ने पीड़िता को कॉल किया तो फोन रिसीव नहीं करने से नाराज होकर वह पीड़िता के घर बेटे को लेकर पहुंचे। यहां छेड़छाड़ करने के बाद मारपीट कर चले गए।**

आजाद नगर पुलिस के मुताबिक इलाके में रहने वाली 24 साल की एक छात्रा की शिकायत पर उसकी सहेली के पिता राकेश रावत और भाई आकाश रावत पर छेड़छाड़-मारपीट का केस दर्ज किया है। पीडिता के मुताबिक वह कॉलेज स्टूडेंट है। उसने बताया कि रविवार को उसका बर्थडे था। उसके साथ कोचिंग में पढ़ने वाली सहेली घर पर चॉकलेट देने आई थी। इस दौरान सहेली के पिता राकेश ने उन्हें कॉल किया। वह कॉल रिसीव नहीं कर पाई। इस दौरान उनकी बेटी घर से जा चुकी थी। तभी वह अपने बेटे आकाश को लेकर मेरे घर आ गए। तब मैं घर पर अकेली थी। इसी दौरान राकेश ने बंद कमरे में गंदी हरकत की। वहीं मारपीट करने लगे। बेटे आकाश ने बाल पकड़े और कमरे में घसीटा। इस दौरान मदद के लिये शोर मचाया। तो जीजा और दीदी वहां पहुंचे। बाद में राकेश ने जान से मारने की धमकी दी और मौके से चला गया।

### शादीशुदा से मांगी इंस्टाग्राम आईडी

बाणगंगा पुलिस ने भी एक शादीशुदा महिला से छेड़छाड़ और जबरदस्ती मोबाइल नंबर, इंस्टाग्राम आईडी मांगने को लेकर इलाके के एक आरोपी पर छेड़छाड़ का केस दर्ज किया है। पीडिता ने बताया कि वह शादी शुदा है। रविवार रात घर पर अकेली थी।

इस दौरान आकाश उर्फ भय्यू भतकरे घर में घुस आया और जबरदस्ती हाथ पकडक़र गलत हरकत करने लगा। इस दौरान पीडिता ने उसे धक्का दिया और दरवाजा बंद कर करने लगी। आकाश ने गेट में हाथ अड़ाया और कहा कि उसकी इंस्टाग्राम आईडी दे दे। पीडिता ने इनकार किया तो आरोपी ने मोबाइल नंबर मांगा। पीडिता के शोर मचाने पर आसपास के लोग इकट् ?ठा हुए। इस दौरान भय्यू वहां से धमकी देकर भाग गया। बाद में पीडिता ने अपने पति को मामले की जानकारी दी और केस दर्ज करवा दिया।

इसी प्रकार आजाद नगर में रहने वाली एक शादीशुदा महिला ने भी अरविन्द पर छेड़छाड़ का केस दर्ज कराया है। पीडिता के मुताबिक वह खाना खाकर बाहर आई तब अरविन्द नशे में उसके पास आया ओर गलत हरकत की। विरोध करने पर मारपीट करने लगा। पुलिस के परिवार के लोगों के साथ महिला थाने पहुंची और केस दर्ज करा दिया।

# होटल में चल रहा था आईपीएल का सट्टा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। एक होटल से लसूडिया पुलिस ने मुरैना के तीन युवकों को ऑनलाइन सट्टा लगाते हुए गिरफ्तार किया है। सूचना के बाद थाने से स्क्वाड के जवान पहुंचे। उन्होंने रूम की तलाशी ली। यहां मुरैना के तीन युवकों से आधा दर्जन मोबाइल और हिसाब-किताब भी मिला है।**

एडिशनल डीसीपी अमरेन्द्र सिंह की टीम ने लसूडिया थाना इलाके में होटल शिवओम के रूम नंबर 203 से अरविंद पुत्र कृष्ण मुरारी गुप्ता, आकाश पुत्र मुकेश राठौर और शिवम पुत्र हरिओम गुप्ता को पकड़ा है। आरोपी सोमवार को हो रहे चेन्नई सुपर किंग्स और कलकता नाइट राइडर्स के बीच होने वाले मैच में बुकिंग कर रहे थे। लसूडिया पुलिस को मुखबिर ने सूचना दी थी कि होटल में मुरैना के कुछ युवक पिछले कुछ दिनों से रुके हुए हैं। पुलिस ने उनकी जानकारी निकाली तो सभी भिंड रोड पोरसा बायपास मुरैना के निकले। उन्होंने बताया कि स्थानीय पुलिस से बचने के लिये वह इंदौर आए और यहां सट्टा खेल रहे थे।

आरोपी वेबसाइट के माध्यम से ही यहां सट्टे की बुकिंग कर रहे थे। उन्होंने फर्जी तरीके से दूसरे व्यक्ति के नाम की सिम ली थी। पुलिस ने उनके पास से करीब 10 से ज्यादा मोबाइल नंबर ओर आधा दर्जन से ज्यादा मोबाइल जब्त किये हैं। तीनों के पास से एक डायरी भी मिली है। जिसमें वह हिसाब-किताब नोट कर रहे थें। आरोपियों पर गैंबलर एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

## अवैध गैस रिफिलिंग गैंग को 4 आरोपी गिरफ्तार

**इंदौर।** किशनगंज थाना क्षेत्र में स्थित एक ढाबे से किशनगंज पुलिस ने सोमवार सुबह अवैध गैस रिफिलिंग करते हुए चार लोगों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार 2 दिन पहले ही इस ढाबे की ओपनिंग हुई थी। किशनगंज थाना प्रभारी कुलदीप खत्री ने बताया कि मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी की छप्पन भोग ढाबे पर बड़ी गैस के सिलेंडर से गैस रिफिलिंग की जा रही है। इसके बाद मौके पर दबिश दी गई तो पिकअप वाहन में 27 भरे और 15 खाली सिलेंडर मिले। पुलिस ने सिलेंडर बरामद कर 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह ढाबा 2 दिन पहले ही खुला था और इसकी आड़ में ही गैस रिफिलिंग की जा रही थी। रिफिलिंग करने वाले आरोपी आसपास के होटल और ढाबों पर सिलेंडर सप्लाई करते थे। आरोपियों में रोशन राठौर, देवेंद्र राठौर, आदित्य प्रजापत और एक अन्य शामिल है।

## डंपर ने एक्टिवा को टक्कर मारी, कई फीट तक घसीटता गया; एक की मौत दूसरा गंभीर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** देवगुराड़िया में एक्टिवा सवार दो लोगों को एक मिक्सर मशीन डंपर ने अपनी चपेट में ले लिया। डंपर चालक दोनों को कई फीट तक घसीटते हुए ले गया। हादसे में एक्टिवा सवार दोनों गंभीर घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए एमवाय भेजा गया। यहां एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरे की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने ड्राइवर को हिरासत में लेकर डंपर जब्त कर लिया है। घटना सोमवार की है। पुलिस के मुताबिक घटना देवगुराडिया के पास की है। यहां रंजीत (22) पुत्र सुरेश सोलंकी निवासी आलोक नगर मूसाखेड़ी और उसके साथी मोहन को डंपर ने टक्कर मार दी। दोनों एक्टिवा से एक मकान की साइड पर काम करने जा रहे थे। रंजीत के परिवार के लोगों ने बताया कि उनके पास ठेकेदार की एक्टिवा थी। घर से निकलने के कुछ देर बाद ही उन्हें हादसे की जानकारी पहुंची। वह एमवाय पहुंचे तो वहां रंजीत का आईसीयू में उपचार चल रहा था। इसके बाद सोमवार शाम उसकी मौत हो गई।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ मो. : 7312433667, 9826044334 ■ प्रबंध संपादक - महेन्द्र पालीवाल ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक